एथलेटिक्स | बालाघाट को दिलाया प्रदेश में गौरव

# खेलो एमपी यूथ गेम्स में रवि का स्वर्णिम परचम



**नवभारत, बालाघाट।** खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 में बालाघाट जिले के युवा एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रच दिया। मध्य प्रदेश के 'ओलंपिक' के रूप में पहचान बना चुके इस प्रतिष्ठित आयोजन में बालाघाट जिले के विकासखंड किरनापुर अंतर्गत ग्राम मराठा बूढ़ी निवासी प्रतिभाशाली खिलाड़ी रवि प्रकाश बिसेन ने एथलेटिक्स की 110 मीटर हर्डल्स, 400 मीटर हर्डल्स एवं 4म100 मीटर रिले रेस में तीन स्वर्ण पदक जीतकर 'गोल्डन बॉय' का खिताब अपने नाम किया। 4म100 मीटर रिले रेस में रवि प्रकाश के साथ रविंद्र बिरनवार, देवेंद्र पारधी एवं निखिल अटरे ने संयुक्त रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक दिलाया।

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 का आयोजन 10 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रदेश के 55 जिलों, 8 संभागों एवं 9 शहरों में 27 खेल विधाओं में किया गया, जिसका स्लोगन 'मध्य प्रदेश की जय - हम सब की विजय' रहा। एथलेटिक्स मेडल टैली में बालाघाट जिले ने प्रदेश में दूसरा स्थान अर्जित किया, वहीं भाला फेंक में प्रकाश मैरावी ने रजत एवं नूपुर दशहिरे ने कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया।


इस उपलब्धि पर जिला एथलेटिक्स संघ, खेल विभाग, प्रशिक्षकों एवं खेल प्रेमियों द्वारा सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गईं, जिससे यह सिद्ध होता है कि सही मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत से ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

### बेस्ट एथलीट रनर-अप ट्रॉफी

तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले रवि प्रकाश बिसेन को 'बेस्ट एथलीट रनर-अप ट्रॉफी' से मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई छगनभाई पटेल, खेल मंत्री श्री विश्वास सारंग एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक श्री राकेश गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। वर्तमान में रवि प्रकाश मध्य प्रदेश एथलेटिक्स अकादमी भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में सीआईएएफ के सीनियर खिलाड़ी श्री हितेश चौधरी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं तथा उनका लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए पदक जीतना है।

# जिले में शीघ्र प्रारंभ होगी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

### प्रबंध निदेशक मनीष सिंह ने बस ऑपरेटर्स के साथ की चर्चा



**नवभारत, बालाघाट।** मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा को बालाघाट जिले में प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में 02 फरवरी को कलेक्ट्रेट कार्यालय बालाघाट में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में परिवहन विभाग मध्य प्रदेश के सचिव एवं मध्य प्रदेश सुगम परिवहन सेवा निगम के प्रबंध निदेशक श्री मनीष सिंह ने जिले के बस ऑपरेटर्स से विस्तारपूर्वक चर्चा कर इस महत्वाकांक्षी योजना की जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, प्रभारी जिला परिवहन अधिकारी एवं बस आपरेटर्स उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा मध्य प्रदेश शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों को जिला मुख्यालयों और शहरी क्षेत्रों से बेहतर परिवहन सुविधा के माध्यम से जोड़ना है। इस योजना के अंतर्गत यात्रियों को सुरक्षित, सुगम, नियमित और किफायती बस परिवहन सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इस सेवा के तहत आधुनिक बसों का संचालन किया जाएगा, जिनमें जीपीएस ट्रैकिंग, ऑनलाइन टिकट बुकिंग, निर्धारित समय-सारिणी, स्वच्छता और सुरक्षा जैसी सुविधाएं शामिल होंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंचने में सुविधा होगी। सुगम परिवहन सेवा की बसों का रंग तय कर लिया गया है एवं इस सेवा का लोगो भी तय किया जा रहा है।

सचिव श्री मनीष सिंह ने बैठक में बस ऑपरेटर्स को बताया कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में निजी बस संचालकों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत बस ऑपरेटर्स को संगठित रूप से जोड़ा जाएगा और उन्हें तकनीकी एवं प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बस ऑपरेटर्स को यह भी समझाया कि इस सेवा से उन्हें नियमित यात्रियों का लाभ मिलेगा, संचालन अधिक व्यवस्थित होगा तथा शासन स्तर से आवश्यक सहयोग एवं प्रोत्साहन भी प्राप्त होगा।

श्री सिंह ने जानकारी दी कि यह सेवा जबलपुर संभाग के सभी जिलों में अगले 08 महीनों के भीतर चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ कर दी जाएगी। बालाघाट जिले में भी इस सेवा को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा ताकि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सके।

बैठक के दौरान सचिव श्री सिंह ने निर्देश दिए कि इस सेवा के सुचारू संचालन हेतु जिला मुख्यालय बालाघाट में आधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड के निर्माण के लिए लगभग 10 एकड़ भूमि चिन्हित की जाए। उन्होंने कहा कि सुव्यवस्थित बस स्टैंड, यात्री सुविधाएं और बेहतर प्रबंधन इस योजना की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने कहा कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा से जिले के नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों का शहरी क्षेत्रों से संपर्क मजबूत होगा और आमजन को सुरक्षित तथा समयबद्ध परिवहन सेवा उपलब्ध हो सकेगी।

# कोदो की समर्थन मूल्य पर खरीदी में बालाघाट जिला संभाग में प्रथम

### जिले में 2098 .50 क्विंटल कोदो-कुटकी की समर्थन मूल्य पर हुई खरीदी

**नवभारत, बालाघाट।** प्रदेश सरकार द्वारा रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश में पहली बार 16 जिलों में समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी की खरीदी की गई है। समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी की खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित थी। बालाघाट जिला समर्थन मूल?य पर कोदो की खरीदी में जबलपुर संभाग के 07 जिलों में 2082 क्विंटल कोदो की खरीदी कर प्रथम स्थान पर रहा है।

उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि बालाघाट जिले में 783 किसानों ने कोदो एवं 34 किसानों ने कुटकी समर्थन मूल्य पर विक्रय के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराया था। इनमें से 211 किसानों से 2082 क्विंटल कोदो की खरीदी की गई है। इतनी अधिक मात्रा में कोदो की खरीदी जबलपुर संभाग के किसी अन्य जिले में नही हुई है। डिण?डोरी जिला 199 क्विंटल कोदो की खरीदी के साथ संभाग में द्वितीय स्थान पर एवं कटनी 146 क्विंटल के साथ तृतीय स्थान पर रहा है।

उपसंचालक मालवीय ने बताया कि जिले के 211 किसानों से 52 लाख 04 हजार 947 रुपए की 2082 क्विंटल कोदो की खरीदी हुई है। ऋण वसूली के पश्चात किसानों को 50 लाख 24 हजार 747 रुपए का भुगतान कर दिया गया है। जिले के 06 किसानों से समर्थन मूल्य पर 05 लाख 57 हजार 743 रुपए की 16 क्विंटल 50 किलोग्राम कुटकी की खरीदी की गई है। समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी की खरीदी का कार्य बिरसा क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा किया गया है।

श्रीअन्न उत्पादक जिले के कृषकों से खरीफ- 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी की गई है। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किये जायेंगे। इस प्रकार जिले के कोदो-कुटकी विक्रय करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि के रूप में 20 लाख 98 हजार 500 रुपए की राशि अतिरिक्त मिलेगी।

# देवदर ट्रॉफी : बिलासपुर ने राजस्थान को 8 विकेट से रौंदा



**नवभारत, बालाघाट।** मैच में पूर्व विधायक जालीम सिंह पटेल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल जी ने उपस्थिति होकर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दी। ऑल इंडिया देवरहा ट्रॉफी 2026 के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स श्व स क्र बिलासपुर ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए राजस्थान की टीम को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। बिलासपुर के गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद जयंत कैवर्त की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच को पूरी तरह से एकतरफा बना दिया।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी बिलासपुर की टीम ने शुरू से ही राजस्थान पर दबाव बनाए रखा। राजस्थान की पूरी टीम 14.3 ओवरों में मात्र 72 रनों पर सिमट गई ।सुशांत गोंडकर ने सर्वाधिक 23 रन (28 गेंद) बनाए ।मध्यक्रम में समर्थ जगताप (12) और चेतन सोनवणे (12) ही दहाई का आंकड़ा छू सके ।बिलासपुर की ओर से अतुल शर्मा, मोहित राउत और मोहम्मद इरफ़ान ने किफायती गेंदबाजी करते हुए महत्वपूर्ण विकेट झटके।

73 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर की शुरुआत खराब रही। सलामी बल्लेबाज राज चौधरी बिना खाता खोले शून्य पर आउट हो गए और पवन परनाटे भी 19 रन बनाकर चलते बने ।लेकिन इसके बाद जयंत कैवर्त ने मैदान पर कदम रखते ही मैच का रुख बदल दिया। जयंत ने केवल 14 गेंदों में नाबाद 42 रनों की आतिशी पारी खेली। उनकी इस पारी की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने 6 छक्के जड़े और उनका स्ट्राइक रेट 300.0 का रहा। कप्तान मोहित राउत 17 रन बनाकर नाबाद रहे। बिलासपुर ने यह लक्ष्य मात्र 7.3 ओवरों में 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

### अग्नि दुर्घटना से निपटने के लिए जिला स्तरीय मॉक ड्रिल का आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार 02 फरवरी को होमगार्ड लाइन, आकाशवाणी के सामने जिला स्तरीय बाढ़ आपदा रिस्पॉन्स टीम तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में अग्नि दुर्घटना राहत एवं बचाव तकनीक को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य अग्नि दुर्घटना के पूर्व एवं पश्चात आपदा प्रबंधन, राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने की तैयारी का अभ्यास करना था। इस दौरान फायर टीम, होमगार्ड तथा आपदा प्रबंधन एसडीईआरएफ टीम द्वारा आग लगने की स्थिति में अपनाई जाने वाली सुरक्षा व्यवस्थाओं, त्वरित प्रतिक्रिया, राहत एवं बचाव तकनीकों की जानकारी दी गई।

# साइबर अपराध रोकने चौपाल का आयोजन



**नवभारत, बालाघाट।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मुख्य शाखा बालाघाट में 2 फरवरी को साइबर अपराध रोकने के लिए साइबर पुलिस द्वारा पुलिस चौपाल का विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित किसानों को बताया गया कि साइबर फ्रॉड रोकने के लिए क्या-क्या उपाय करने हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में आधार कार्ड एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, अपने आधार कार्ड की जानकारी किसी भी अन्य व्यक्तियो को नहीं बताना है और कोई भी व्यक्ति यदि आपसे ओटीपी की मांग करता है तो उसे किसी भी परिस्थिति में अन्य व्यक्ति को प्रदान न करें।

इस अवसर पर व्यापक रूप से पुलिस द्वारा समझाइए देते हुये बैंक शाखा में सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया । शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा ने भी किसान खातेदारों को विस्तृत जानकारी प्रदान किया। इस अवसर पर साइबर पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों के अलावा शाखा के कर्मचारी, किसान उपस्थित रहे।

# गांधी जी की पुण्यतिथि पर मध निषेध संकल्प दिवस का हुआ सफल आयोजन



**नवभारत, बालाघाट।** महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर मध निषेध संकल्प दिवस के तहत एक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह आयोजन दीप ज्योति नशा मुक्ति केंद्र के सहयोग से किया गया संस्था के संचालक शरीर अंकित एडे ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए जागरूक करना व लोगों को स्वास्थ्य सकारात्मकता की ओर प्रेरित करना श्री एडे ने बताया कि हमारा देश युवाओं का देश है और जिसकी जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक है जिसमें से 28 करोड लोग किसी न किसी प्रकार के नशे के आदी हैं। 16 करोड लोग तो शराब के आदि जिसमें 12 करोड़ अन्य नशे के आदी हैं 3.50 करोड़ लोग गांजा का सेवन करते हैं। बाकी 90 लाख लोग इंजेक्शन जा सेवन करते है है एक करोड़ लोग नशीली गोलियों का सेवन करते हैं।

28 करोड़ में से 7.50 करोड लोग तो आदि हो गए हैं । जिस्म भी 5.50 करोड लोग शराब के आदि हो गए

और 2 करोड लोग अन्य नशे के जिनकी वजह से परिवार और समाज परेशानी में आ गया है।

बच्चों के साथ मारपीट करना पत्नी के साथ मारपीट करना मां-बाप को परेशान करना घरेलू हिंसा इसके पीछे 80% कारण नशा है।

चाकू मारना गाली गलौज कर देना गोली मार देना डंडे से मार देना इसके पीछे 50% कारण नशा है।

हमारे देश में जो आत्महत्या हो रही है इसके पीछे 50% कारण नशा है। हमारे देश में मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ाने के पीछे 50% कारण नशा है ।हमारे जैसे पड़ती सड़क दुर्घटनाओं के पीछे 60% कारण नशा है। हमारे देश में जो बच्चे अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ देते हैं 28 करोड़ में से 6 % कारण नशा है

हमारे देश में कर्मचारी अधिकारी व श्रमिक वर्ग के खराब कार्य कुशलता के पीछे भी 50% कारण नशा है।

हमारे देश में हर साल शराब का सेवन ज्यादा करने की वजह से 5 लाख लोग की मृत्यु हो जाती है

यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत भांडी तहसील वारासिवनी में किया गया और स्थानीय जनप्रतिनिधि पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशोर अमूले एवं जन अभियान परिषद के अध्यक्ष श्री राजकुमार लिल्हारे जी भी उपस्थित रहे और राष्ट्रपिता श्रद्धांजलि दी गई।




# वन चौकीदार के घर से 21 सागौन बल्ली जब्त

**नवभारत, लालबर्रा।** नवभारत वन विभाग में जब 'रक्षक ही भक्षक' बन जाए, तो जंगलों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है। ताजा मामला लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम सेलवा का है, 31 जनवरी शनिवार को एक वन चौकीदार के घर पर छापामार कार्रवाई के दौरान अवैध सागौन और बांस बरामद किया गया है।

उड़नदस्ता दल, बालाघाट द्वारा मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गई। सेलवा निवासी अस्थाई वनकर्मी व वन चौकीदार प्रीतम सोनवाने के घर से 21 नग सागौन की बल्लियाँ और लगभग 40 नग बांस जब्त किए गए।

जब्त की गई लकड़ी की अनुमानित कीमत करीब 25,000 रुपये आंकी गई हैं जांच दल ने पाया कि चौकीदार प्रीतम सोनवाने अपने घर का निर्माण कार्य करवा रहा था। इस निर्माण कार्य में वह बेखौफ होकर जंगल से लाई गई बेशकीमती सागौन की बल्लियों और बांस का इस्तेमाल कर रहा था। वन विभाग के उड़नदस्ता दल ने मौके पर ही जब्ती बनाकर प्रकरण आगामी कार्रवाई के लिए 'वन विकास निगम लालबर्रा' को सौंप दिया है।

# 7 फरवरी से 7 मार्च तक किसानों का होगा पंजीयन

### किसानों के पंजीयन के लिए 23 केंद्र बनाये गए

**नवभारत, बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने एवं उन्हें बिचौलिये एवं दलालों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी की व्यवस्था की गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 07 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक किया जाएगा। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने किसानों के पंजीयन के लिए 23 केंद्र निर्धारित कर दिये है। इसके साथ ही ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में किसानो के पंजीयन का शुल?क 50 रुपए निर्धारित किया गया है।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए बालाघाट जिले में किसानों के पंजीयन हेतु 23 केंद्र निर्धारित किये गए है। बालाघाट तहसील में सेवा सहकारी समिति बालाघाट/जरेरा, सेवा सहकारी समिति चांगोटोला-गुडरू, विपणन सहकारी समिति टाकाबर्रा-लामता, कटंगी तहसील में वृह?ताकार सेवा सहकारी संस?था कटंगी/बनेरा, तिरोडी तहसील में सेवा सहकारी समिति कटेदरा/धनकोषा, किरनापुर तहसील में सेवा सहकारी समिति बडगांव, खैरलांजी तहसील में सेवा सहकारी समिति आरंभा व खैरलांजी, परसवाडा तहसील में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था परसवाडा, बघोली/चंदना-उकवा, बैहर तहसील में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था बैहर व परसामउ, बिरसा तहसील में सेवा सहकारी समिति मानेगांव, दमोह, सालेटेकरी, लांजी तहसील में सेवा सहकारी समिति लांजी, लालबर्रा तहसील में सेवा सहकारी संस्था लालबर्रा/ददिया, नेवरगांव, सिहोरा, डोकरबंदी एवं वारासिवनी तहसील में सेवा सहकारी संस्था वारासिवनी व डोंगरमाली में पंजीयन केंद्र बनाया गया है।

समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए जिले के किसान इन केंद्रो पर नि:शुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा किसान एमपी ऑनलाईन, कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोकसेवा केंद्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में 50 रुपए शुल?क जमा कर अपना पंजीयन करा सकते है। इन ऑनलाईन पंजीयन केंद्रो पर पंजीयन सुविधा एवं शुल्क राशि के संबंध में आवश्यक बैनर लगाने के निर्देश दिये गए है। पंजीयन के लिए किसान को अपने भूमि संबंधी दस्तावेज, आधार कार्ड, बैंक पासबूक एवं फोटो पहचान पत्र लेकर जाना होगा।

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के सुचारू रूप से संचालन एवं किसानों को पंजीयन एवं उपार्जन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय की खाद्य शाखा बालाघाट के कक्ष क्रमांक 223 में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम बनाया गया है।

### जिला स्तर पर क्रियान्वयन समिति का गठन

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ पंजीयन के लिए जिला स्तर पर क्रियान्वयन समिति का गठन किया है। कलेक्टर इस समिति के अध्यक्ष होंगे जबकि अग्रणी बैंक प्रबंधक, उपसंचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ, जिला विपणन अधिकारी, वेयर हाउसिंग के जिला प्रबंधक, अधीक्षक भू-अभिलेख, कृषि उपज मंडी बालाघाट के सचिव इस समिति के सदस्य बनाये गए है। जिला आपूर्ति अधिकारी इस समिति के सदस्य सचिव बनाये गए है।

# मानवता से बढ़कर कोई पंत नहीं, प्रेम का होता कभी अंत नहीं

### संत रविदास जयंती पर कवि सम्मेलन आयोजित कवियों ने शानदार कविताएं प्रस्तुत की



**नवभारत कटंगी 2 फरवरी।** संत शिरोमणि रविदास जयंती पर सदगुरु सामाजिक संगठन कटंगी तिरोडी के तत्वावधान में एक फरवरी को कवि सम्मेलन, सम्मान समारोह कटंगी मुख्यालय में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर कटंगी-खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी के द्वारा रविदास सामाजिक सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। स्वागत गीत और मंचीय उद्बोधन के बाद मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

### मां सरस्वती की वंदना से हुई कार्यक्रम की शुरूआत

इसके बाद कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से लता शबनम ने अपनी सुमधुर वाणी में की। समतपुरी के गोविंदा गावठी के गीतों से कवि सम्मेलन की शुरुआत हुई। जहां बिखरा बिखरा, मेरा संगठन जोड़ दे अब तो घर, घर में रैदास तू छोड़ दे, पर खूब तालियां बजीं। संजय अश्क की क्रांतिकारी कविताओं पर खूब वाहवाही मिली। उनकी पंक्तियां मानवता से बढ़कर कोई पंत नहीं, प्रेम का होता कभी भाई अंत नहीं। दुनिया में आये कई साधु सन्यासी, पर गुरु रविदास सा कोई संत नहीं। पर अपार प्रेम मिला।

### तुम्हारी रहमतों से ही तो उल्लास है बाबा

किशोर सागर का शानदार अंदाज और कविता, तुम्हारी रहमतों से ही तो उल्लास है बाबा, जयंती का तुम्हारे ही ये दिन खास है बाबा, खूब सराही गई। लता शबनम की पंक्तियां जो प्यार में गुज़रे हैं उसी पल को याद रखना, समस्या नहीं समस्याओं के हल को याद रखना, ने वाहवाही लूटी। हलचल बालाघाटी के गीतों पर श्रोता झुमते रहे। सुनिल अंकुर की पंक्तियों पर खूब तालियां बजीं।

### शिक्षाप्रद कविताओं ने श्रोताओं का दिल जीता

कार्यक्रम का संचालन करते शैलेश शैल ने एक से बढ़कर एक शिक्षाप्रद कविताओं से श्रोताओं को अंत तक बांधे रखा। उनकी पंक्तियां-शोर बादल कर चुके बूंदों को आना चाहिए, समाज में अब नया बदलाव लाना चाहिए, जातियों के दल-दल में फंसा भारत रोता हैं, किसी न किसी घर में 'सदगुरु रैदास' को आ ही जाना चाहिए, पर श्रोताओं का अपार स्नेह मिला। अंत में सभी कवियों का आभार जितेन्द्र भोंडेकर ने व्यक्त किया।